Title: Request to start the direct trains from Jodhpur to Chennai, Mumbai and Hadrwar respectively.

श्री जस्वंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : उपाध्यक्ष महोद्य, मैं पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होकर आया हूं। जोधपुर, जैसलमेर, पीपाड़, फलौदी की जनता की बहुत पुरानी मांग है कि जोधपुर से एक सीधी ट्रेन हरिद्वार तक, एक चैन्नई तक और एक मुम्बई तक के लिए हो।

जोधपुर पश्चिमी राजस्थान का एक महत्वपूर्ण केन्द्र है। यहां से लोग ज्यादातर दक्षिण भारत में व्यापार करते हैं और आते-जाते रहते हैं और इसमें मुम्बई एक व्यापारिक केन्द्र होने के कारण मारवाड़ी एक अहम भूमिका निभाता है लेकिन आने जाने के लिये कोई सीधी ट्रेन नहीं है और न ही हरिद्वार के लिये सीधी ट्रेन है जिससे गांव के अनपढ़ लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वे एक ट्रेन से उतरकर दूसरी ट्रेन में नहीं चढ़ पाते हैं। इसलिये मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि एक सीधी ट्रेन जोधपुर से चेन्नई, मुम्बई और हरिद्वार के लिये चलायी जाये।